संख्या- 20 /2018/127/71-2-2018-एस-21/2016

प्रेषक,

एन0एच0 रिजवी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलपति,
उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय,
सैफई इटावा।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 19 फरवरी, 2018

विषय- उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पैरामेडिकल, नर्सिंग एवं फार्मेसी कालेज में उपकरणों के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2016-17 में शासन द्वारा स्वीकृत उपकरणों के लम्बित बिलों का भुगतान विश्वविद्यालय की अपनी आय से किये जाने की स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3714/ई/यूपीयूएमएस/2017-18, दिनांक 03 जनवरी, 2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पैरामेडिकल, नर्सिंग एवं फार्मेसी कालेज में उपकरणों के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2016-17 में शासन द्वारा स्वीकृत उपकरणों के लम्बित बिलों का भुगतान विश्वविद्यालय की अपनी आय से किये जाने की स्वीकृति का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पैरामेडिकल, नर्सिंग एवं फार्मेसी कालेज में उपकरणों के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2016-17 में शासन द्वारा स्वीकृत उपकरणों के लम्बित बिलों रू0 01.50 करोंड का भुगतान वित्तीय वर्ष 2017-18 में विश्वविद्यालय की अपनी आय से किये जाने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि लम्बित बिलों के भुगतान की कार्यवाही सुसंगत निर्गत शासनादेशों एवं वित्तीय नियमों के अधीन सुनिश्चित की जायेगी।

भवदीय,

(एन0एच0 रिजवी)
विशेष सचिव।

संख्या- 20/2018/127(1)/71-2-18-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद
2. प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3. कोषाधिकारी, इटावा
4. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त अधिकारी, उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई इटावा।
6. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
7. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 इलाहाबाद।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अनिल कुमार)
उप सचिव।